टीका सूचना विवरण

हेपेटाइटिस बी टीका
आपको क्या जानने की ज़रूरत है?

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

बहुत से टीका सूचना विवरण स्पेनिश और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis

1 टीका क्यों लगवाया जाए?

हेपेटाइटिस बी एक गंभीर रोग है जो यकृत यानी लीवर को प्रभावित करता है। इस रोग का कारण हेपेटाइटिस बी नामक वायरस है। हेपेटाइटिस बी से मामूली बीमारी हो सकती है जो कुछ हफ़्ते चलती है, या इससे गंभीर, जीवनभर चलने वाली बीमारी हो सकती है।

हेपेटाइटिस बी वायरस का संक्रमण या तो तीक्ष्ण हो सकता है या दीर्घकालीन।

तीक्ष्ण हेपेटाइटिस बी वायरस संक्रमण एक अल्पकालिक बीमारी होती है जो किसी के हेपेटाइटिस बी के संपर्क में आने के पहले 6 महीनों के अन्दर होती है। इसके कारण निम्नलिखित परेशानियाँ हो सकती हैं:

- बुखार, थकान, भूख न लगना, उबकाई और/या उल्टी
- पीलिया (पीली त्वचा या आँखें, गहरे रंग का पेशाब, मिट्टी के रंग का मल विसर्जन)
- मांसपेशियों, जोड़ों और पेट में दर्द

दीर्घकालीन हेपेटाइटिस बी वायरस संक्रमण लम्बे समय तक चलने वाली बीमारी है जो तब होती है जब हेपेटाइटिस बी वायरस किसी व्यक्ति के शरीर में बना रहता है। जिन व्यक्तियों में दीर्घकालीन हेपेटाइटिस बी विकसित हो जाता है उनमें से अधिकांश के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते, फिर भी यह बहुत गंभीर होता है और निम्नलिखित का कारण बन सकता है:

- लीवर क्षति (सिरोसिस)
- लीवर कैंसर
- मृत्यु

दीर्घ काल से संक्रमित व्यक्ति हेपेटाइटिस बी वायरस दूसरों तक भी फैला सकते हैं, भले ही वे स्वयं बीमार न दिखते या महसूस न करते हों। संयुक्त राज्य अमेरिका में 14 लाख से अधिक व्यक्ति दीर्घकालीन हेपेटाइटिस बी से संक्रमित हो सकते हैं। हेपेटाइटिस बी के संपर्क में आने वाले शिशुओं में से लगभग 90% दीर्घ काल तक संक्रमित रहते हैं और ऐसे प्रत्येक 4 में से एक शिशु की मृत्यु हो जाती है।

हेपेटाइटिस बी तब फैलता है जब हेपेटाइटिस बी से संक्रमित खून, वीर्य या अन्य शारीरिक स्राव ऐसे व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करता है जो संक्रमित नहीं है। लोग इन माध्यमों से वायरस से संक्रमित हो सकते हैं:

- जन्म (जिस शिशु की माँ संक्रमित है वह जन्म के समय या उसके बाद संक्रमित हो सकता है)
- ब्लेड या टूथब्रश जैसी चीज़ें किसी संक्रमित व्यक्ति के साथ साझा करना
- किसी संक्रमित व्यक्ति के खून या खुले घाव के संपर्क में आना
- संक्रमित साथी के साथ यौन क्रिया करना
- ड्रग (नशा) लेने के उपकरण जैसे सुई, सिरिंज इत्यादि साझा करना
- इंजेक्शन या अन्य तेज़ धार वाले औजार के लगने से निकलने वाले खून के संपर्क में आना

हर वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका में हेपेटाइटिस बी संबंधी लीवर रोग से लगभग 2000 व्यक्तियों की मौत हो जाती है।

हेपेटाइटिस बी टीका हेपेटाइटिस बी और उससे उत्पन्न रोगों जैसे लीवर कैंसर और सिरोसिस आदि से बचा सकता है।

2 हेपेटाइटिस बी टीका

हेपेटाइटिस बी टीका हेपेटाइटिस बी वायरस के अंशों से बनाया जाता है। इससे हेपेटाइटिस बी संक्रमण उत्पन्न नहीं हो सकता। यह टीका आमतौर पर 1 से 6 महीनों की अवधि में 2, 3, या 4 शॉटों (इंजेक्शनों) के रूप में लगाया जाता है।

शिशुओं को हेपेटाइटिस बी टीके की पहली खुराक जन्म के समय दी जानी चाहिए और सारी खुराकें 6 महीने की उम्र तक दे देनी चाहिए।

जिनका अभी तक टीकाकरण नहीं हुआ है ऐसे सभी **बच्चों और** 19 वर्ष से कम आयु के किशोरों का भी टीकाकरण किया जाना चाहिए।

ऐसे **वयस्कों** के लिए भी हेपेटाइटिस बी टीके की सिफारिश की जाती है जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और जिनके लिए हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित होने का जोखिम है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- वे व्यक्ति जिनके यौन क्रिया साथी को हेपेटाइटिस बी है
- यौनक्रिया की दृष्टि से सक्रिय ऐसे व्यक्ति जिनके काम संबंध एक ही व्यक्ति तक सीमित नहीं हैं
- यौन संचारित रोग का मूल्यांकन या इलाज करने वाले व्यक्ति
- अन्य पुरुषों से यौन संबंध रखने वाले पुरुष
- जो व्यक्ति ड्रग (नशा) संबंधी उपकरण जैसे सुई, सिरिंज आदि साझा करते हैं
- वे व्यक्ति जो किसी हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित व्यक्ति के घरेलू संपर्क में आते हैं
- स्वास्थ्य संबंधी देखभाल और जन सुरक्षा के ऐसे कार्यकर्ता जिनके लिए खून या शारीरिक स्राव के संपर्क में आने का जोखिम है
- विकास की दृष्टि से अशक्त जन केंद्र के निवासी और कर्मचारी
- सुधारात्मक केन्द्रों के व्यक्ति
- कामुक आक्रमण या दुर्व्यवहार के शिकार व्यक्ति
- जिन क्षेत्रों में हेपेटाइटिस बी के रोगियों की संख्या अधिक है, उनकी यात्रा करने वाले यात्री
- दीर्घकालीन लीवर रोग, गुर्दा रोग, एचआईवी, या मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति
- कोई भी व्यक्ति जो हेपेटाइटिस बी से सुरक्षा चाहता है

किसी अन्य टीके के साथ हेपेटाइटिस बी टीका लगवाने पर किसी प्रकार का ज्ञात जोखिम नहीं है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

3 कुछ लोगों को यह टीका नहीं लगवाना चाहिए

टीका लगाने वाले व्यक्ति को बतायें:

- **जिस व्यक्ति को टीका लगना है यदि उसे कोई गंभीर, जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जी है।**
  यदि हेपेटाइटिस बी टीके की खुराक लेने के बाद आपको कभी जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया हुई हो या आपको इस टीके के किसी भी हिस्से से गंभीर एलर्जी हो, तो आपको सलाह दी जाती है कि आप यह टीका न लगवायें। यदि आप टीके के घटकों के बारे में जानकारी चाहते हैं तो अपने स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाता से पूछें।
- **जिस व्यक्ति को टीका लगना है, यदि उसकी तबीयत ठीक नहीं है।**
  यदि आपको जुकाम जैसी कोई मामूली शिकायत है तो शायद आपको आज ही टीका लगवा लेना चाहिए। यदि आप साधारण या गंभीर रूप से बीमार हैं तो आपको शायद ठीक होने तक इंतज़ार करना चाहिए। आपका डॉक्टर आपको सलाह दे सकता है।

4 किसी टीके के दुष्प्रभाव संबंधी जोखिम।

टीका सहित कोई भी दवा लेने के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। आमतौर पर ये दुष्प्रभाव बहुत हल्के होते हैं और अपने आप ठीक हो जाते हैं, पर गंभीर दुष्प्रभाव भी संभव हैं।

हेपेटाइटिस बी टीका लगवाने वाले अधिकांश व्यक्तियों को इससे कोई समस्या नहीं होती।

हेपेटाइटिस बी टीका लगने के बाद होने वाली छोटी-मोटी समस्याओं में निम्नलिखित शामिल है:

- टीका लगने वाली जगह पर दर्द होना
- 99.9 डिग्री फॉरेनहाइट या इससे अधिक तापमान

यदि ये समस्यायें उत्पन्न होती हैं तो शुरुआत टीका लगते ही हो जाती है और इनका असर 1 या 2 दिन रहता है।

आपका डॉक्टर आपको इन दुष्प्रभावों के बारे में और अधिक जानकारी दे सकता है।

टीका लगने के बाद उत्पन्न होने वाली अन्य समस्यायें:

- कभी-कभी लोग कुछ चिकित्सकीय प्रक्रियाओंसे बेहोश हो जाते हैं जिनमें टीकाकरण भी शामिल है। लगभग 15 मिनट तक बैठने या लेटने से बेहोश होने या गिरने के कारण लगने वाली चोट से बचा जा सकता है। यदि आपको चक्कर आ रहे हों, दृष्टि में परिवर्तन हो या कानों में घंटियाँ बज रही हों तो टीका लगाने वाले को बतायें।
- कुछ लोगों के कंधे में दर्द होता है जो इंजेक्शन लगने के बाद होने वाले आम दर्द की तुलना में ज्यादा गंभीर और लम्बे समय तक बना रह सकता है। ऐसा बहुत कम होता है।
- किसी भी दवा से गंभीर एलर्जी जनित दुष्प्रभाव हो सकते हैं। टीके से ऐसे दुष्प्रभाव होने की संभावना बहुत कम यानी अनुमानतः दस लाख खुराकों में 1 को होती है, और टीकाकरण के बाद कुछ मिनटों से कुछ घंटों के अन्दर दुष्प्रभाव उत्पन्न हो जाता है।

जैसा किसी भी दवा के साथ हो सकता है, यह टीका लगवाने के बाद बहुत हल्की संभावना गंभीर क्षति या मृत्यु की भी होती है।

टीकों की सुरक्षा की लगातार निगरानी की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए जायें: **www.cdc.gov/vaccinesafety/**

Translation provided by the California Department of Public Health, Immunization Branch

5 यदि कोई गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाये तो क्या करें?

मुझे किस पर नज़र रखनी चाहिए?

- आप उस पर नज़र रखें जिसे लेकर आप चिंतित हों, जैसे गंभीर एलर्जी संबंधी दुष्प्रभाव के लक्षण, बहुत तेज़ बुखार, या असामान्य व्यवहार।

  गंभीर **एलर्जी संबंधी दुष्प्रभाव** के लक्षणों में पित्ती, चहरे और गले में सूजन, साँस लेने में कठिनाई, तेजी से दिल धड़कना, चक्कर आना और कमजोरी शामिल है। ये लक्षण टीकाकरण से कुछ मिनटों या कुछ घंटों के बाद शुरू हो सकते हैं।

मुझे क्या करना चाहिए?

- यदि आपको लगता है कि यह **गंभीर एलर्जी संबंधी दुष्प्रभाव है** या कोई अन्य आपातकाल है जिसे टाला नहीं जा सकता तो 9-1-1 पर फ़ोन करें या नज़दीकी अस्पताल में जाएँ। अन्यथा अपनी क्लीनिक में फ़ोन करें।

  इसके बाद दुष्प्रभाव की सूचना वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (VAERS)। आपके डॉक्टर को यह रिपोर्ट फाइल करनी चाहिए या आप VAERS वेबसाइट **www.vaers.hhs.gov** के माध्यम से या **1-800-822-7967** पर फ़ोन करके स्वयं यह काम कर सकते हैं।

वीएईआरएस चिकित्सा संबंधी सलाह नहीं देता।

6 द नेशनल वैक्सीन इंजरी कंपनसेशन प्रोग्राम

द नेशनल वैक्सीन इंजरी कंपनसेशन प्रोग्राम (VICP) एक संघीय प्रोग्राम है जो कतिपय टीकों से क्षतिग्रस्त होने वाले लोगों को मुआवजा देने के लिए बनाया गया है।

जिन व्यक्तियों को यकीन है कि उन्हें किसी टीके के कारण चोट लगी है वे **1-800-338-2382** पर फ़ोन करके या वीआईसीपी की वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाकर इस प्रोग्राम और दावा दायर करने की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुआवजे के लिए दावा दायर करने की एक सीमा है।

7 मैं और अधिक जानकारी कैसे प्राप्त करूँ?

- अपने स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाता से पूछें। वह आपको टीका पैकेज निवेशन दे सकता/सकती है या जानकारी के अन्य स्रोत का सुझाव दे सकता/सकती है।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग हो फ़ोन करें।
- रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636** (**1-800-CDC-INFO**) पर फ़ोन करें या
  - सीडीसी की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines**

Vaccine Information Statement
Hepatitis B Vaccine

Office use only

10/12/2018 | Hindi | 42 U.S.C. § 300aa-26